# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बहेड़ी, दरभंगा

Primary Health Centre Baheri, Darbhanga

बहेड़ी, दरभंगा 847105

Baheri, Darbhanga- 847105

Tel : 06272-283009, 283058 email : baheriphc9@gmail.com


बिहार सरकार

पत्रांकः– 132 / बी0पी0एम0यु0 / 2018 बहेड़ी, दिनांकः– 08 / 02 / 2018

**प्रेषकः– प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी–सह–कार्यकारी**
**अध्यक्ष, प्रखण्ड नियोजन एवं अनुश्रवण समिति**
**प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बहेड़ी, दरभंगा।**

**सेवा में,**

प्रतिभागी एवं
सभी सदस्य प्रखण्ड नियोजन एवं अनुश्रवण समिति
बहेड़ी, दरभंगा।

**दिनांक 10 फरवरी 2018 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बहेड़ी में प्रखण्ड नियोजन एवं अनुश्रवण समिति, बहेड़ी द्वारा आयोजित जन संवाद की कार्यवाही ।**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के आधार स्तम्भ स्वास्थ्य के लिए सामुदायिक प्रयास के अन्तर्गत पॉपूलेशन फाउण्डेशन ऑफ इंडिया द्वारा वित्त पोषित एवं घोघरडीहा प्रखण्ड स्वराज्य विकास संघ द्वारा संचालित पैरवी, संचार एवं जवाबदेही कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रखण्ड नियोजन एवं अनुश्रवण समिति, बहेड़ी द्वारा समुदाय की भागीदारी से स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ करने हेतु जन संवाद का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बहेड़ी के प्राँगण में डॉ0 सच्चिदानन्द चौधरी, अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, दरभंगा प्रमंडल ने दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। इस जन संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय व संस्थान स्तर पर उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करना तथा जिन स्वास्थ्य सेवाओं को प्राप्त करने के लिए लोग अधिकृत हैं, उनकी उपलब्धता और गुणवत्ता के आकलन की प्रक्रिया में समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था जिससे बहेड़ी प्रखण्ड के लोगों के स्वास्थ्य अधिकारों की निरंतर पूर्ति हो सके"।

इस जन सवांद कार्यक्रम के आयोजन से पहले इसके सारे चरणों को पुरा किया गया जिसमें समुदाय को स्वास्थ्य सुविधाओं पर जागरूक करना, ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समितियों व नियोजन एवं निगरानी समितियों का गठन एवं उन्मुखीकरण करना, ग्राम स्वतप पर स्वास्थ्य सेवाओं का सामुदायिक जॉच तकनिक के माध्यम से एवं प्राप्त ऑकडों को ग्राम सभा की बैठकों में स्वास्थ्य रिर्पोट कार्ड के माध्यम से साझा एवं चर्चा करना सम्मलित था। इसके साथ ही सर्वेक्षण के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं में कमीयों की पहचान कर सामुहिक रूप से हरेक बिन्दु पर सुझाव को तैयार किया गया।

कार्यक्रम के शुरूआत में सभी अतिथियों गुलदस्ता के साथ स्वागत करते हुए इस कार्यक्रम के उद्देश्यों को बतलाते हुए दो बार के त्रैमासिक सर्वेक्षण (जनवरी से जून 2017 एवं जुलाई से दिसम्बर 2017) से प्राप्त

आंकडों को जन संवाद में उपस्थित लोगों, स्वास्थ्य प्रदाताओं एवं निर्णायक दल के लोगों के साथा एक एक कर प्रश्नानुसार साझा किया गया। तत्पश्चात समुदाय व सेवा प्रदाताओं के बीच खुलकर बातचीत हुई। जिसमें समुदाय के लोगों के द्वारा कुछ सकारात्मक एवं नाकारात्मक अनुभवों को साझा किया गया। इसके उपरान्त समुदाय व सेवा–प्रदाता दोनों मिलकर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ करने हेतु उचित समाधान पर चर्चा हुई जिसमें सेवा–प्रदाता ने भी अपने कार्यो में आने वाली समस्याओं, सीमाओं तथा परेशानियों को भी को भी बताया एवं कुछ आवश्यक निर्णय निर्णयक दल एवं स्वास्थ्य सेवा प्रदाता के द्वारा लिए गये जो निम्नलिखत है।

1. **समस्याः– उपकरणों की उपलब्धता न होने के कारण प्रसव पूर्व जॉच का ना होना।**
   **निर्णयः–** ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर करने के लिए प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक बहेड़ी को निर्देशित किया गया की गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व जॉच हेतु उपकरणों को ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति के मुक्त राशि व अन्य माध्यम से अविलम्ब कय कर सभी ए0एन0एम0 को उपलब्ध कराया जाय।

2. **समस्याः– आंगनवाडी केन्द्र पर वजन का मशीन का खराब होना एवं उपलब्ध न होना।**
   **निर्णयः– आई0सी0डी0एस0 के प्रतिनिधी द्वारा बतलाया गया के हमलोग जल्द से जल्द इसका मुल्यांकन करके सभी आंगनवाडी केन्द्रो पर** ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर करने के लिए एवं गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व जॉच हेतु बच्चों एवं वयस्को के लिए वजन मशीन उपलब्ध करा दिया जाएगा।

3. **समस्याः– परिवार नियोजन एवं जननी एवं बाल सुरक्षा योजना के अन्तर्गत लाभार्थीयों को देय राशि का भुगतान न होना।**
   **निर्णयः–** परिवार नियोजन एवं जननी एवं बाल सुरक्षा योजना के अन्तगर्त लाभार्थीयों को देय राशि जिसका भुगतान किसी कारण नहीं हो पा सका है उसका भुगतान सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में तीन महीनें के अंदर अधिक–से–अधिक लाभुकों का भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा। तथा लाभार्थी भी अपना आधार पहचान पत्र एवं बैक खाता का विवरण सेवा प्रदाता को जल्द से जल्द मुहैया कराऐंगें।

4. **समस्याः– एम्बुलेंस चालक द्वारा तथा प्रथम पंक्ति के सेवा प्रदाता द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य सेवा के बदले पैसे की मॉग करना एवं जबरन वसुलना।**
   **निर्णयः– निशुल्क स्वास्थ्य सेवा** के अन्तर्गत यदि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, स्वास्थ्य उप केन्द्र मे किसी के द्वारा अथवा एम्बुलेंस चालक द्वारा पैसे की मांग करने पर कठोर/अनुशासनात्मक कार्यवाई कि जाएगी। समुदाय के लोग किसी भी प्रकार का पैसा न दें एवं जबरन वसुलने पर लिखित रूप में अपना शिकायत प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बहेड़ी को दें। प्रत्येक सोमवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी निश्चित रूप से लोगों से मिलेंगें एवं उनकी शिकायत दूर करने कि कोशीश कि जाएगी। इसके साथ ही बिहार सरकार द्वारा प्रायोजित निःशुल्क मोबाईल नं0 102 एवं 104 पर भी इस तरह की शिकायत की जा सकती है। प्रभारि चिकित्सा

पदाधिकारी द्वारा सभी सेवा प्रदाताओं को पत्र के माध्यम से इस तरह के गलत प्रचलन को अविलम्ब बन्द करने के लिए कहा जाएगा।

5. **समस्या:– अति–प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, निमैठी में एलोपैथिक एवं परिवार नियोजन के साघन उपलब्ध न होना।**
**निर्णय:–** निमैठी ए0पी0एच0सी0 पर सिर्फ होमियोपैथीक दवाएँ हीं मिल पाती है क्योकि वहाँ आयुष डाक्टर उपलब्ध है। समुदाय के दिक्कतों को देखते हुए उक्त केन्द्र पर एलोपैथिक दवाओं के रुप में सामान्य बीमारियों की सामान्य दवाईयाँ जैसे बुखार, सर्दी, जुकाम, खाँसी, पेट दर्द आदि की दवाईयाँ अगले सप्ताह से उपलब्ध कराई जाएगी।

6. **समस्या:– परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों एवं आइ.एफ.ए. टैबलेट का उपलब्ध न होना।**
**निर्णय:–** परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों एवं आइ.एफ.ए. टैबलेट की उपलब्धता प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, स्वास्थ्य उपकेन्द्रो एवं आंगनवाडी केन्द्रों के साथ सभी आशा ए0एन0एम0 को नियमानुसार उपलब्ध कराई जायगी। सभी आशा एवं ए0एन0एम0 प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को स्वास्थ्य सेवा देने हेतु चिजें जैसे दवा, गर्भनिरोध के साधन, इत्यादी हेतु अर्जी लिखित रूप से प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक को देना व दवाओं एवं गर्भनिरोध के साधनों का उठाव सुनिश्चित करेंगें ।

7. **समस्या:– स्वास्थ्य उप केन्द्र का नहीं खुलना एवं बेसीक चिजों का केन्द्र पर अभाव होना।**
**निर्णय:–** ए0एन0एम0 द्वारा प्रत्येक सप्ताह में दो दिन सोमवार एवं शनिवार को निश्चित रूप से स्वास्थ्य उपकेन्द्र खोला जाएगा। तथा ए0एन0एम0 स्वास्थ्य उप केन्द्र के लिए उपलब्ध मुक्त राशि से कुर्सी, टेबुल, अलमारी एवं जॉच टेबुल आदि खरीद सकती है। अन्य कार्यकमों को देखते हुए एवं ए0एन0एम0 की कमी को ध्यान में रखते हुए सभी कार्यकमों को सूचारू रूप से चलाने हेतु इसकी कार्ययोजना बनाई जाएगी।

8. **समस्या:– लाभार्थीयों के साथ अच्छा व्यवहार न करना।**
**निर्णय:–** प्रभारि चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा पत्र के माध्यम से सभी सेवा प्रदाता को निर्देशीत किया जाएगा के वे अपने व्यवहार में परिर्वतन लाऐं एवं लाभार्थीयों से हर परिस्थिति में अच्छा व्यवहार करें जो मिथलांचल कि संस्कृति है। समुदाय के लोग को इस तरह कि शिकायत होने पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से मिलकर अपना शिकायत दर्ज करा सकते है तथा प्रत्येक सोमवार को दोपहर 12 से 2 बजे तक सभी आवेदनों पर आवश्यक कार्यवाई की जाएगी।

9. **समस्या:– प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर महिला डाक्टर का न होना जबकी यहाँ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निमार्ण हो चूका है।**
**निर्णय:–** महिला चिकित्सक की कमी होने के कारण महिला चिकित्सक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर नहीं है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाने कि प्रकिया चल रही है एवं जैसे

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बहेड़ी, दरभंगा
Primary Health Centre Baheri, Darbhanga
बहेड़ी, दरभंगा 847105
Baheri, Darbhanga- 847105
Tel : 06272-283009, 283058 email : baheriphc9@gmail.com

बिहार सरकार

ही इसकी स्वीकृति सरकार से प्राप्त होगी। स्वतः महिला डॉक्टर एवं अन्य सुविधिाओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के स्तर का मुहैया करा दिया जाएगा।

10. **समस्याः– .......................... महिला का परिवार नियोजन का ऑपरेशन होने के बाद भी गर्भवती हो जाना।**

**निर्णयः**–यदि .................................. महिला का परिवार नियोजन का ऑपरेशन होने के बाद भी गर्भवती हो गई है तो इसकी जॉच कि जाएगी एवं उक्त महिला को बतलाया गया कि अपना सारा दस्तावेज लेकर आवेदन के साथ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से सर्म्पक करें। सरकार कि योजना के अनुसार भुगतान किया जा सकता है।

11. **समस्याः– स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने हेतु लाभार्थी एवं सेवा प्रदाता के बीच संवाद का न होना।**

**निर्णयः**– इस तरह के जन संवाद का स्वागत करते हुए यह भी निर्णय लिया गया कि प्रत्येक तीन माह में जन संवाद का आयोजन किया जाएगा। जिसमें समुदाय कि सहभागिता आपेक्षित है।

इसके साथ ही सभी वक्ताओं ने अपना मंतब्य साझा किया तथा इस प्रकार के संवाद की सराहना करते हुए अंत में धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी–सह–अध्यक्ष
प्रखण्ड नियोजन एवं अनुश्रवण समिति
प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बहेड़ी, दरभंगा।

पत्रांकः–132/बी0पी0एम0यु0/2018 बहेड़ी, दिनांक :– 08/03/2018

प्रतिलिपि :–1. सचिव, जी0पी0एस0भी0एस0,जगतपुर मधुबनी को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि :–2. राज्य एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, पी0 एफ0 आई0 को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि :–3. प्रतिनिधि ए0जी0सी0ए0, नई दिल्ली को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि :–4. रिजनल कार्यक्रम प्रबंधक, आर0पी0एम0यु0 दरभंगा प्रमण्डल को सादर सूचनार्थ प्रेषित ।
प्रतिलिपि :–5. असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी दरभंगा को सादर सूचनार्थ प्रेषित ।
प्रतिलिपि :–6. कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार को सादर सूचनार्थ प्रेषित ।

08/03/18

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी–सह–अध्यक्ष
प्रखण्ड नियोजन एवं अनुश्रवण समिति
प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बहेड़ी, दरभंगा।

08/03/018